जयंती ▶ श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर में पूजा-अर्चना के बाद मंत्री राकेश सिंह ने किया शुभारंभ

# भगवान परशुराम जयंती पर निकली वाहन शोभायात्रा



**नवभारत,जबलपुर।** भगवान परशुराम जयंती के अवसर पर लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने गढ़ा स्थित श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर में पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की। इसके बाद उन्होंने गुलौआ चौक से भव्य वाहन शोभायात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान डॉ अभिलाष पांडे, पंकज दुबे सहित अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। सैकड़ों वाहनों के साथ निकली इस शोभायात्रा में श्रद्धालुओं ने जयकारों के बीच अपनी सांस्कृतिक एकता का प्रदर्शन किया। मंत्री श्री सिंह ने कहा कि भगवान परशुराम साहस, त्याग और न्याय के प्रतीक हैं तथा ऐसी यात्राएं हमारी परंपराओं और संस्कारों को सहेजने का माध्यम हैं। शोभायात्रा का शहरभर में पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया।




### 'जय परशुराम' के उद्घोष से गूंज उठा पूरा मार्ग

मध्य प्रदेश प्रगतिशील ब्राह्मण महासभा द्वारा ऐतिहासिक विराट वाहन रैली का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों वाहन शामिल हुए। 'जय परशुराम' के उद्घोष से पूरा मार्ग गूंज उठा और यह आयोजन सनातन एकता के महासम्मेलन के रूप में देखने को मिला। इस अवसर पर एडवोकेट आशीष त्रिवेदी, अखिलेश दीक्षित, असीम त्रिवेदी, रत्नेश मिश्रा, सिद्धार्थ शुक्ला, सुशील शुक्ला, अजय पाण्डेय, संजय तिवारी, गुड्डा त्रिपाठी सहित हजारों दीपधारी वाहनधारी सनातनी समाज के बंधु उपस्थित रहे।

### बाइक रैली का किया स्वागत



**नवभारत, जबलपुर।** अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर मध्यप्रदेश प्रगतिशील ब्राह्मण महासभा द्वारा भगवान परशुराम जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में भव्य बाइक रैली का आयोजन किया गया। इस दौरान उत्तर मध्य विधानसभा क्षेत्र में विधायक डॉ. अभिलाष पाण्डेय के नेतृत्व में रैली का विभिन्न स्थानों पर जोरदार स्वागत किया गया। रैली में विशेष रूप से बगलामुखी मठ के मुख्य पुजारी परमपूज्य चैतन्यानंद महाराज उपस्थित रहे। इस अवसर पर गोपाल तिवारी, अमर पटेल, दीपांशु पाठक, अंकित पाठक, नितिन मिश्रा और उज्जवल पचौरी सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने पुष्पवर्षा कर रैली का स्वागत किया।

### गोसलपुर में निकली शोभायात्रा



**नवभारत, जबलपुर।** गोसलपुर सर्व ब्राह्मण सभा के नेतृत्व में भगवान परशुराम जयंती के पावन अवसर पर भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अध्यक्ष महेश तिवारी ने बताया कि शोभायात्रा नगर के प्रमुख देव स्थलों पर पूजन करते हुए पुन: राधा कृष्ण कुटी पहुंची, जहां समापन हुआ। समापन उपरांत अतिथियों का सम्मान शॉल-श्रीफल से किया गया तथा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में एन.के. शुक्ला, राम निरंजन दुबे, लक्ष्मण पालीवाल, मोहित तिवारी, रमेश चंद्र शुक्ला, रमन मिश्रा, भुवनेश तिवारी, इंद्र कुमार उपाध्याय, अर्पित चौबे, प्रीति पालीवाल, जितेंद्र पांडे, एस.के. तिवारी, मोंटी दुबे, रवि तिवारी सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

### भजनों और धार्मिक उत्साह के बीच निकली यात्रा



**नवभारत, जबलपुर।** ब्राह्मण एकता मंच, भगवान परशुराम वंशज द्वारा शहर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। संयोजक पं. राम दुबे एवं पं. योगेंद्र ने समाज के लोगों को आमंत्रित किया था, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। महिलाओं ने भजन गाकर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। जिला अध्यक्ष विवेक शुक्ला ने विप्रजनों का तिलक लगाकर स्वागत किया। कार्यक्रम में अटल उपाध्याय, देवेंद्र पचौरी, नरेंद्र उपाध्याय, कमल उपाध्याय, अभय उपाध्याय, राहुल पांडे, नरेश शुक्ला, अरविंद दुबे, अनुपम तिवारी, अजय दुबे, सतीश उपाध्याय, नंदकिशोर उपाध्याय सहित कई परिवार शामिल हुए।



## अबूझ मुहूर्त में होंगे कई शुभ कार्य

▶ आज मनाई जाएगी अक्षय तृतीया, बिना मूहूर्त देखे होंगी शादियां

**नवभारत, जबलपुर।** आज 20 अप्रैल अक्षय तृतीया मनाई जायेगी। हिंदू धर्म में अक्षय तृतीया के पर्व का विशेष महत्व होता है। वैदिक पंचांग के अनुसार अक्षय तृतीया का पर्व हर वर्ष वैशाख माह के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को मनाया जाता है। इस तिथि को अबूझ मुहूर्त माना गया है, यानी इस तिथि पर किसी भी शुभ कार्य और मांगलिक कार्य को करने के लिए मुहूर्त का विचार नहीं करना पड़ता है। इस दिन घरों में गुड्डा-गुड़िया का विवाह कराया जाता है। साथ ही इस दिन बहुत सी शादियां बिना मूहूर्त देखे की जाती हैं। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इस शुभ पर्व पर किया जाने वाले दान-पुण्य, पूजा-पाठ, जाप-तप और शुभ कर्म करने पर फल की प्राप्ति होती है।

### गुड्डे- गुड़ियों के होंगे विवाह

अक्षय तृतीया के पावन पर्व पर प्रत्येक घरों में गुड्डे- गुड़ियों का विवाह कराया जाता है। अक्ति के इस दिन सभी घरों में गुड्डे गुड़िया को दूल्हा- दुल्हन की तरह तैयार करके पूरी विधि-विधान से पूजन- अर्चन करके फल और सत्तू का भोग लगा कर सात फेरे करके विवाह की रस्में पुरी की जायेंगी। मान्यता के अनुसार अक्ति वाले दिन बिना मूहूर्त देख लोगों की शादी कराना भी शुभ मुहूर्त के बराबर होता है।

### बाजारों में लगी गुड्डे- गुड़ियों की दुकानें

अक्ती की तैयारी एक हफ्ते से शुरू हो चुकी थी। जिसकी शुरुआत में बाजारों में गुड्डे- गुड़ियों की दुकानें लगने लगी हैं। बड़े फुहारा के चारों तरफ मिट्टी से बने गुड्डे- गुड़ियों को बेचने के लिए दुकानें सजी हैं। जिनको खरीदने के लिए भी लोग पहुंच रहे हैं।

### एक नजर में



#### हेरिटेज फोटोग्राफी प्रदर्शनी का शुभारंभ

**नवभारत, जबलपुर।** इंटैक जबलपुर चैप्टर द्वारा हेरिटेज फोटोग्राफी प्रतियोगिता एवं प्रदर्शनी का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का आयोजन राज्य पुरातत्व विभाग एवं रानी दुर्गावती संग्रहालय के सहयोग से हुआ। कार्यक्रम में डॉ. संजय मेहरोत्रा, के.एल. डाभी, आईएएस दीपक खांडेकर, ब्रिगेडियर विपिन त्रिवेदी, श्रीमती सुरभि त्रिवेदी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। इसके अलावा डॉ. यतीश जैन, डॉ. बसंत मिश्रा, डॉ. मुक्ति मिश्रा, मुकुल यादव, अनुष्का मेहरोत्रा, रितिका तिवारी, रुमा दास गुप्ता, डॉ. प्रतिभा भटनागर, इंजीनियर राकेश राठौड़ सहित अनेक गणमान्य नागरिकों ने कार्यक्रम की सराहना की।




#### वित्तीय साक्षरता पर हुआ व्याख्यान

**नवभारत, जबलपुर।** माता गुजरी महिला महाविद्यालय में नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा के अंतर्गत वित्तीय साक्षरता विषय पर व्याख्यान आयोजित किया गया। मुख्य वक्ता डॉ. जयश्री जैन ने महिलाओं को आय, बचत, निवेश और वित्तीय प्रबंधन के महत्व के बारे में विस्तार से बताया। कार्यक्रम का आयोजन डॉ. सुनील कुमार पाहवा, प्राचार्या डॉ. संगीता झाम एवं प्रभा पहारिया के निर्देशन में हुआ। इस अवसर पर डॉ. सुनीता सोनी, डॉ. रीता मुखर्जी, डॉ. पुष्पा रमेश, डॉ. राजुल जैन, डॉ. कल्पना मिश्रा, डॉ. कुलवंत कौर, राकेश तिवारी सहित छात्राएं उपस्थित रहीं।



#### प्रस्तावित धर्मशाला निर्माण को लेकर हुई बैठक

**नवभारत, जबलपुर।** सरस्वती घाट से गौ बच्छा घाट लिंक रोड पर प्रस्तावित धर्मशाला निर्माण के लिए बैठक आयोजित की गई। बैठक में संरक्षक जीवनलाल दाहिया, दुर्गाप्रसाद दाहिया, सचिव बसोरी लाल, डॉ. एस.आर. दाहिया, जगदीश दाहिया सहित अन्य सदस्यों ने समतलीकरण, बाउंड्री व निर्माण कार्यों पर चर्चा की ।सभी सदस्यों ने निर्माण कार्य में सक्रिय सहयोग देने का आश्वासन दिया।



## 151 विश्वकर्मा महिलाओं ने किया सुहागन पूजन

**नवभारत, जबलपुर।** तेवर स्थित त्रिपुरी सुंदरी मंदिर में श्री विश्वकर्मा महिला महासंगठन द्वारा 151 महिलाओं का भव्य सुहागन पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस पावन अवसर पर बड़ी संख्या में महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और माँ औसान देवी के चरणों में विधिवत पूजन-अर्चन किया। कार्यक्रम में 151 महिलाओं की सामूहिक उपस्थिति ने विश्वकर्मा समाज की एकजुटता और सांस्कृतिक परंपराओं को सशक्त रूप से प्रस्तुत किया। सभी के सहयोग, वरिष्ठजनों के आशीर्वाद और युवाओं के स्नेह से आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। महासंगठन ने सभी प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी ऐसे भव्य और सफल कार्यक्रम आयोजित करने का संकल्प दोहराया।

## रक्तदान शिविर में 207 यूनिट रक्त का संग्रह

▶ रेडक्रॉस के सहयोग से संत निरंकारी चेरिटेबल फाउंडेशन द्वारा आयोजन



**नवभारत,जबलपुर।** रेडक्रॉस सोसायटी के सहयोग से संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन की जबलपुर शाखा द्वारा गोलबाजार स्थित सत्संग परिसर में रविवार को आयोजित किये गये रक्तदान शिविर में 207 यूनिट रक्त का संग्रह किया गया। शिविर का उद्घाटन हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. पुष्पराज पटेल ने किया। कलेक्टर एवं जिला रेडक्रॉस सोसायटी के अध्यक्ष राघवेंद्र सिंह ने शिविर में शामिल होकर रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन किया। कलेक्टर श्री सिंह ने रक्तदान को सबसे बड़ा दान बताते हुये पीड़ित मानवता की सेवा के उद्देश्य से शिविर के आयोजन के लिये संत निरंकारी चेरिटेबल फाउंडेशन की सराहना की। रक्तदान शिविर में रक्त का संग्रह नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेडिकल कॉलेज, जिला चिकित्सालय तथा रानी दुर्गावती चिकित्सालय के ब्लड बैंक की टीम ने संग्रह किया। संत निरंकारी चेरिटेबल फाउंडेशन का यह 26 वां रक्तदान शिविर था। शिविर में संस्था के सेवादारों ने भी शिविर में बढ़-चढ़कर रक्तदान किया। फाउंडेशन के जोन प्रभारी नवनीत नागपाल, हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ पुष्पराज पटेल, जिला चिकित्सालय के रक्तकोष की प्रभारी डॉ अमिता जैन, मेडिकल कॉलेज के रक्त कोष प्रभारी डॉ भगवान सिंह यादव, रानी दुर्गावती चिकित्सालय से डॉ तुषार गुप्ता, डॉ शरद जैन एवं जिला रेडक्रॉस सोसाइटी से कार्यकारिणी सदस्य सुनील गर्ग भी रक्तदान शिविर में मौजूद रहे।

## 118 विद्यार्थियों में से 10 छात्रों को 95% से अधिक अंक

▶ एपीएस-1 जीआरसी ने रचा इतिहास, कक्षा 10वीं में 100% परिणाम



**नवभारत, जबलपुर।** आर्मी पब्लिक स्कूल नंबर-1, ग्रेनेडियर्स रेजिमेंटल सेंटर जबलपुर ने सीबीएसई कक्षा 10वीं बोर्ड परीक्षा में 100% परिणाम हासिल कर ऐतिहासिक उपलब्धि दर्ज की है। कुल 118 विद्यार्थियों में से 10 छात्रों ने 95% से अधिक अंक प्राप्त किए, जबकि 16 छात्रों ने 90-95% के बीच अंक अर्जित किए। स्कूल टॉपर जिग्नेश राठौड़ ने बेस्ट-फाइव विषयों में 99.8% एवं अनिवार्य पांच विषयों में 99.2% अंक प्राप्त कर रिकॉर्ड बनाया। उन्होंने गणित, विज्ञान, सामाजिक विज्ञान और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस में 100 में 100 अंक हासिल किए। अदिति कुमारी ने 98.2% और लावण्या ने 98% अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। ग्रेनेडियर्स रेजिमेंटल सेंटर के कमांडेंट एवं स्कूल अध्यक्ष ब्रिगेडियर पी.एस. राणा ने इस सफलता पर छात्रों, शिक्षकों एवं अभिभावकों को बधाई देते हुए इसे सामूहिक प्रयास का परिणाम बताया।

### ऋषभ को मिले दसवीं में 88 .8% अंक



**नवभारत, जबलपुर।** निर्मला इंग्लिश मीडियम स्कूल कांचघर के छात्र ऋषभ राजपूत ने 10वीं बोर्ड परीक्षा में 444 अंक (88.8%) प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय माता मनीषा राजपूत, पिता भूपेंद्र राजपूत और शिक्षकों को दिया। इस अवसर पर विजय कांडा, कमला चौहान, अजय पांडे, सरला राजपूत, दीपक सिंह राजपूत, अनुराधा राजपूत सहित अनेक सामाजिक संगठनों ने बधाई दी।



## दीपक झारिया ग्रामीण अध्यक्ष मनोनीत

▶ बैठक में हुई सामाजिक सम्मेलन की रूपरेखा पर चर्चा

**नवभारत, जबलपुर।** झारिया कल्याण संघ (मेहरा समाज) की एक आवश्यक बैठक एन.पी. झारिया के निवास पर आयोजित की गई, जिसमें 26 अप्रैल को होने वाले सामाजिक सम्मेलन की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में समाज के विकास, सामयिक मुद्दों और आगामी कार्यक्रमों को सफल बनाने की रणनीति तैयार की गई, साथ ही युवाओं को अधिक से अधिक जोड़ने पर विशेष जोर दिया गया। इस दौरान सेमरा के दीपक झारिया को ग्रामीण अध्यक्ष मनोनीत किया गया। बैठक में डॉ. एन.पी. झारिया, अजय झारिया, अमित मेहरा, संतोष झारिया, रतन झारिया, भीकम झारिया, मथुरा प्रसाद झारिया, भगवत प्रसाद झारिया, संतोष मेहरा, अशोक मेहरा, सोमती दुर्गा मेहरा, देवा झारिया, हरि मेहरा (मीडिया प्रभारी), बलराम झारिया सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

## असंख्य शिवलिंग निर्माण के साथ गूंजी मां नर्मदा की महिमा



**नवभारत, जबलपुर।** विजय नगर में आयोजित धार्मिक कार्यक्रम के दौरान असंख्य शिवलिंग निर्माण के साथ माँ नर्मदा की महिमा का भव्य वर्णन किया गया। कथा व्यास अंतरराष्ट्रीय ज्योतिषाचार्य डॉ. अर्जुन पाण्डेय ने विश्राम दिवस पर नर्मदा पुराण की कथा सुनाते हुए कहा कि स्कंद पुराण के रेवाखंड में ऋषि मार्कंडेयजी ने नर्मदा तट की महिमा का विस्तृत वर्णन किया है, जहाँ भगवान नारायण के सभी अवतारों ने माँ नर्मदा की स्तुति की। उन्होंने बताया कि माँ नर्मदा एकमात्र ऐसी पवित्र नदी है, जिसकी परिक्रमा सिद्ध, नाग, यक्ष, गंधर्व, किन्नर और मानव सभी करते हैं। श्रद्धा और सच्चे मन से माँ नर्मदा के पूजन से सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। उन्होंने यह भी बताया कि जहाँ सरस्वती में स्नान का फल तीन दिन में और गंगा स्नान का फल एक दिन में मिलता है, वहीं माँ नर्मदा के दर्शन मात्र से ही वही पुण्य प्राप्त हो जाता है। कार्यक्रम में नर्मदा के उद्गम, महिमा और सनातन परंपरा में उनके विशेष स्थान पर प्रकाश डालते हुए आदिगुरु शंकराचार्य द्वारा रचित नर्मदाष्टक का भी उल्लेख किया गया। इस अवसर पर दादा धूनीवाले, दादा ठनठनपालजी महाराज, तोतापुरीजी महाराज, गोविंदपादाचार्य के शिष्य आदिगुरु शंकराचार्यजी सहित महान संतों के योगदान को स्मरण किया गया। कार्यक्रम में पंडित देवेन्द्र व्यास, निखिल पाण्डेय, आरती, आर्यन पाण्डेय, दीपक शर्मा, कविता सिन्हा, मनोज नागवंशी सहित जानकी रामायण मंडली की महिलाओं एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

तैयारी ▶ उर्स की तैयारियां शुरू

## कचहरी वाले बाबा के आस्ताने पर परचम कुशाई



**नवभारत,जबलपुर।** हाई कोर्ट के सामने स्थित हज़रत ख्वाजा अमीनुद्दीन चिश्ती कचहरी वाले बाबा रहमतुल्ला अलैह के आस्ताने पर रविवार को मगरिब की नमाज़ के बाद परचम कुशाई का आयोजन अकीदत और मोहब्बत के साथ किया गया। इस मौके पर बड़ी संख्या में जायरीन और अकीदतमंद मौजूद रहे।

कार्यक्रम की सरपरस्ती सज्जादानशीन बाबर खां बंदानवाजी एवं खादिम-ए-आला चंगेज खान अशरफी ने की, जबकि हज़रत वकील अहमद खलीली, शफीपुर शरीफ मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस दौरान मजार शरीफ पर गुलपोशी और चादरपोशी की गई, जिसके बाद परचम कुशाई की रस्म अदा की गई। रस्म के उपरांत नज़र-ओ-नियाज़ पेश की गई और तबर्रुक का तकसीम किया गया। आयोजन में इफ्तिखार अली, अब्दुल कदीर, अब्दुल हकीम बाबा, नईम, राजेन्द्र पटेल, नरेश मलिक, प्रतीक तिवारी, मनीष अग्रवाल, सरदार टीटू जग्गी, विक्की भाई सहित विभिन्न समुदायों के लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और कौमी एकता व भाईचारे का संदेश दिया। खादिम-ए-आला चंगेज खान अशरफी ने बताया कि परचम कुशाई के साथ ही कचहरी वाले बाबा के उर्स शरीफ की तैयारियां शुरू हो गई हैं। उन्होंने जानकारी दी कि चांद के ऐलान होने पर आगामी 8 या 9 मई से बाबा साहब का पांच दिवसीय उर्स शरीफ आयोजित किया जाएगा, जिसकी तैयारियां जोर-शोर से जारी हैं।